**दिनांक : 14/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ केन्द्र सरकार ने खरीफ फसलों के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि की। प्रधानमंत्री ने कहा- किसानों के जीवन में आएगी समृद्धि।

ऽ ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक आज से दिल्ली में। वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर होगी चर्चा।

ऽ मुख्यमंत्री ने कल लाड़ली बहनों के खातों में भेजी योजना की 36वीं किस्त।

और

ऽ प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी, कई जिलों में लू का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार से:-

मंत्रिमंडलीय निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंत्रिमंडलीय समिति की मंजूरी से देश के करोड़ो किसानों को उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस निर्णय से देश के किसानों के जीवन में समृद्धि आयेगी। श्री मोदी ने कहा कि देश के किसान भाई बहनों के हित में सरकार लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उल्लेखनीय है कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कल हुई बैठक में विपणन सीजन 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढा दिया है।

प्रधानमंत्री - यूएई यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में कल अबू धाबी जाएंगे। प्रधानमंत्री 20 मई तक संयुक्त अरब अमीरात-यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव सिबी जॉर्ज ने बताया कि अपनी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में, श्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। यह पिछले पांच महीनों में श्री मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच दूसरी मुलाकात होगी।

बैठक के दौरान दोनों देश अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले चालीस लाख से अधिक भारतीयों का कल्याण भी बातचीत के मुद्दों में शामिल होगा।

ब्रिक्स विदेश मंत्री - बैठक

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की दो दिन की बैठक आज से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर करेंगे। ब्रिक्स सदस्य देशों और साझेदार देशों के विदेश मंत्री और प्रतिनिधिमंडल प्रमुख इस बैठक में भाग लेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

बैठक के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री पारस्परिक हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। बैठक के दूसरे दिन, लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद वैश्विक शासन और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार पर चर्चा की जाएगी।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी से जारी की। उन्होंने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में एक हजार 835 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे अंतरित की। जून 2023 में शुरू हुई इस योजना में अब तक 35 किश्तें जारी हो चुकी हैं और कुल 55 हजार

926 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से महिलाओं के खातों में जमा की जा चुकी है। योजना की शुरुआत में एक हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाते थे, अब इसे बढ़ाकर एक हजार पांच सौ रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है।

फसल मूल्य वृद्धि-सीएम आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

सी.बी.आई. निदेशक-सेवा विस्तार

सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने ब्यूरो के निदेशक के रूप में श्री सूद के कार्यकाल को इस महीने की 24 तारीख के बाद भी बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज इंदौर, उज्जैन, धार, रतलाम में लू का आरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले चार दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में लू का प्रकोप बने रहने की संभावना जताई है। आज ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल सहित प्रदेश के बड़े हिस्से में तेज गर्मी का असर बना रहेगा।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन बनाए।

जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 19 ओवर और एक गेंद में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 60 गेंदों पर नाबाद 105 रन की शानदार पारी खेली।

इस जीत के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 16 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

आज शाम साढ़े सात बजे धर्मशाला में पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ मंडला में 16 मई को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री डेका यहां आयोजित आदि उत्सव-2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ऽ आगरमालवा जिले में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर मेरा युवा भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ऽ इधर, खण्डवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शहरी क्षेत्र की समीक्षा बैठक में गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ऽ डिंडौरी जिले में टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान करने के उद्देश्य से जिले में आधुनिक एआई तकनीक आधारित केट एप का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

ऽ भोपाल में जनगणना-2027 के अंतर्गत निगम सीमा में 3 लाख 60 हजार से अधिक मकानों की गणना का कार्य किया जा चुका है और 150 जनगणना ब्लाकों में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

ऽ उधर, रायसेन जिले में पुलिस लाइन परिसर में जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों ने युद्ध जैसी आपातकालीन स्थितियों और हवाई हमलों से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

ऽ पन्ना में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ने सत्र 2025-26 के सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।

ऽ वहीं, झाबुआ कलेक्टर डॉ योगेश तुकाराम भरसट द्वारा ग्राम साड में वनाधिकार अधिनियम के तहत ग्रामीणों से संवाद के लिए ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया।

-------------